हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
1936
सोमवार
27 मार्च 2023, बरेली

Page No. 02 : Bottom

रिद्धिमा में रविवार को रोमांटिक प्ले 'मैं खूबसूरत हूं' का मंचन करते कलाकार।

जीने को जरूरी है जिंदगी को खूबसूरत समझना

नाट्य मंचन

बरेली, मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को रोमांटिक प्ले 'मैं खूबसूरत हूं' का मंचन हुआ। यशपाल की कहानी पर आधारित, अख्तर अली के नाट्य आलेख पर रिद्धिमा प्रोडक्शन की ओर से प्रस्तुत इस नाटक को शैलेंद्र शर्मा ने निर्देशित किया।

कहानी शुरू होती है, अस्पताल के एक कमरे से, जहां एक लड़की सुगंधा का इलाज चल रहा है। सुगंधा जीना नहीं चाहती पर डॉक्टर उसे बचाने को हर संभव कोशिश कर रहे हैं। सुगंधा के साथ उसके दूर के मामा भी हैं। जिस वार्ड में सुगंधा है, उसी में एक और मरीज उमंग को लाया जाता है। वह बहुत ही जिंदादिल है। इलाज के दौरान उमंग नर्सों के साथ मजाक मस्ती करता रहता है। उसे फोटोग्राफी का भी शौक है। वह सुगंधा के भी फोटो लेता है। उमंग से मिलने के बाद सुगंधा के विचारों में परिवर्तन होता है और वह ठीक हो जाती है। एक दिन उमंग उससे अगले दिन मिलने का वादा कर चला जाता है, लेकिन वह नहीं आता। सुगंधा को पता चलता है कि वह उमंग था ही नहीं तो वो उदास हो जाती है और यहीं नाटक समाप्त हो जाता है।

शाजिन ने सुगंधा, सूर्यप्रकाश ने उमंग, मोहसिन खान ने डॉक्टर, फरदीन खान ने मामा, गौतम गंगवार ने जूनियर डॉक्टर और विशा व शिवानी ने नर्सों की भूमिका निभाई। संगीत मंजीत ने दिया। प्रकाश संयोजन की जिम्मेदारी रविंद्र व जसवंत ने निभाई।